बाबर को अपनी टीम के लिए मैच जीतने होंगे। बाबर आजम पिछले दो आईसीसी इवेंट्स में बुरी तरह से नाकाम रहे हैं। बाबर को आखिर कप्तान किसने बना दिया। - **शोएब अख्तर**

पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर, बाबर आजम की कप्तानी पर सवाल उठाए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

बलजीत कौर

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने गर्व के साथ की है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चौंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी केस स्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक फतह हासिल की। टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरुआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया।

क्या आप जानते हैं ?... एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

भारत ने बांग्लादेश को 50 रनों से मात दी, हार्दिक-कुलदीप रहे हीरो

सेमीफाइनल की ओर बढ़ी भारत, एंटीगा में रनों की बारिश

एंटीगा, 22 जून। टीम इंडिया ने शनिवार को एंटीगुआ के मैदान में बांग्लादेश को 50 रन से हरा दिया। सुपर-8 स्टेज में ये टीम इंडिया की दूसरी जीत है। इसके साथ ही टीम सेमीफाइनल के और करीब पहुंच गई है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। बैटिंग पिच पर सूर्य कुमार को छोडड़ार टीम इंडिया के हर टॉप ऑर्डर बल्लेबाज ने स्कोर किया और 196 रन बनाए। हार्दिक पंड्या ने भारतीय पारी की आखिरी गेंद पर चौका मारकर अपनी फिफ्टी पूरी की। इसी पिच पर जब भारत ने गेंदबाजी शुरू की, तो बांग्लादेशी बल्लेबाजों को रन नहीं बनाने दिए। कुलदीप यादव ने अपने 4 ओवर में 3 विकेट लिए और सिर्फ 19 रन खर्च किए। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो अकेले लड़ाई लड़ते रहे। उन्होंने 40 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह ने उन्हें पवेलियन भेजा।

सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम, नॉर्थ साउंड की धीमी पिच पर विश्वकप में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया यह अब तक सर्वाधिक स्कोर है। टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किये जाने का बांग्लादेशी कप्तान नाजमुल हस शान्तो का फैसला अचरज भरा था क्योंकि धूप तेज होने के साथ यहां पिच के और धीमा होने के कयास लगाये जा रहे थे। रोहित और विराट ने पारी की शुरुआत आक्रमक तरीके से की और दोनो ने पहले पावर प्ले का भरपूर फायदा उठाते हुये मैदान के चारों ओर कई आकर्षक शाट्स लगाये। रोहित हालांकि पारी के चौथे ओवर में शाकिब अल हसन का शिकार बने। शाकिब की धीमी गेंद को ऑन साइड में हिट करने के प्रयास में फुलर गेंद ने बल्ले का बाहरी किनारा लिया और मिड ऑफ़ जाकेर ने दौड़ लगाते हुये उनका कैच लपक लिया।

नये बल्लेबाज ऋषभ पंत ने विराट का साथ देते हुये रनो की रफ्तार को बनाये रखा और दोनो ने आठवे ओवर तक टीम के खाते में 70 रन जोड़ लिये थे मगर इस बीच विराट की पारी का अंत तनजीम हसन साकिब ने किया जब उनकी डिलीवरी पर कोहली पूरी तरह से गच्चा खा गए और पुल करने के प्रयास में गेंद की लाइन से चूक गये और गेंद स्टंप से टकरा गयी। इसी ओवर में बांग्लादेश को विस्फोटक सूर्य कुमार यादव (6) के विकेट के रुप में एक और अहम सफलता मिली। ऋषभ पंत 12वें ओवर में रिशाद हुसैन का शिकार बने।

उधर हार्दिक पांड्या का साथ देने आये शिवम दुबे ने आज स्पिनर्स के खिलाफ अपने हाथ खोले और दोनों बल्लेबाजों ने बांग्लादेशी आक्रमण की धज्जियों उड़ाते हुये तेजी से रन बटोरना शुरु किया। दुबे रिशाद हुसैन की गेंद पर छक्का लगाने के बाद दूसरी गेंद को भी हिट करने के प्रयास में बोल्ड आउट हुये वहीं हार्दिक पांड्या ने अक्षर पटेल (3 नाबाद) का सहयोग लेते हुये अपनी रफ्तार जारी रखी और टीम के स्कोर को विशाल बना दिया।

होप के तूफान में उड़ा अमेरिका, वेस्टइंडीज नौ विकेट से जीता

आंद्रे रसल व रॉस्टन चेज ने तीन-तीन विकेट लिए

बारबडोस, 22 जून। आंद्रे रसल (31रन पर तीन विकेट) और रॉस्टन चेज (19 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद शे होप (82 नाबाद) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने शनिवार को टी20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में अमेरिका को 55 गेंद बाकी रहते नौ विकेट से धो दिया।

इस जीत के साथ वेस्टइंडीज का रन औसत ग्रुप दो में नम्बर एक टीम दक्षिण अफ्रीका से बेहतर हो गया है और अब 24 जून को होने वाले मैच में दक्षिण अफ्रीका को मेजबान टीम से सुपर आठ के लिये ग्रुप में अव्वल रहने के लिये चौकन्ना रहना पड़ेगा हालांकि दक्षिण अफ्रीका अमेरिका और इंग्लैंड को हरा कर पहले ही सेमीफाइनलमें अपनी जगह लगभग पक्की कर चुका है।

वेस्टइंडीज का टॉस जीत कर अमेरिका को पहले बल्लेबाजी दिये जाने का निर्णय सही साबित हुआ और रसेल,अल्जारी जोसेफ (दो विकेट) और चेज की गेंदबाजी के आगे अमेरिकी बल्लेबाजों ने आत्मसमर्पण कर दिया और पूरी टीम 19.5 ओवर के खेल में 129 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। बाद में बल्लेबाजी करने उतरे कैरिबायाई धमाका शे होप ने मात्र 39 गेंदों में चार चौके और आठ छक्के की मदद से 82 रन ठोक कर अमेरिकियों के होश उड़ा दिये और मात्र 10.5 ओवर में विजय लक्ष्य एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मैदान का कोई भी कोना होप के प्रहारों से अछूता नहीं रहा। दूसरे छोर पर उनकी मदद जानसन चार्ल्स (15) और निकोलस पूरन (27 नाबाद) ने की। चार्ल्स के आउट होने के बाद क्रीज पर आये पूरन के दमदार प्रहारों का अमेरिकी गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होने अपनी 12 गेंदों की संक्षिप्त पारी में उनके तीन जानदार छक्के देखने लायक थे।

अब तक के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बल पर सुर्खियां बटोरने वाले अमेरिकी खिलाड़ी कैरिबियाई द्वीप में खुद को असहाय महसूस कराते नजर आये। टीम के आधे खिलाड़ी अपना निजी योगदान दो अंकों में करने में लाचार दिखे। ऐंड्रियस गौस (29) और नीतिश कुमार (20) ने कुछ जानदार शाट्स खेल कर अमेरिका का दमखम दिखाने का प्रयास किया मगर उनके आउट होने के बाद मिलिंद कुमार (19),शैडली वान शाल्कविक (18) और अली खान (14 नाबाद) ही कुछ समय के लिये वेस्टइंडीज के गेंदबाजों का सामना कर सके।

मार्क जोथनपुइया तीन साल के करार के साथ ईस्ट बंगाल एफसी से जुड़े

नई दिल्ली, 22 जून। ईस्ट बंगाल एफसी ने शनिवार को भारत के उभरते हुए अंडर-23 खिलाड़ी मार्क जोथनपुइया के साथ तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। यह करार 2026-27 सत्र के आखिर तक प्रभावी रहेगा। जोथनपुइया

के पास मिडफील्ड और रक्षापंक्ति दोनों जगहों पर खेलने की क्षमता हैं। ईस्ट बंगाल एफसी परिवार में जोथनपुइया का स्वागत करते हुए इमामी समूह के विभाष वर्धन अग्रवाल ने कहा, ''मार्क भारत के सबसे बहुमुखी युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। वह हमारी टीम में एक मूल्यवान सदस्य होंगे। उनका भविष्य उज्ज्वल है और हम उनसे बेहतरीन प्रदर्शन लेने की कोशिश करेंगे।'' इमामी समूह ईस्ट बंगाल एफसी में बहुलांश हितधारक है। मिजोरम के इस खिलाड़ी के पास एफसी पुणे सिटी की युवा टीम और फिर हैदराबाद एफसी की मुख्य टीमलिए 2020-21 सत्र में खेलने का अनुभव है। वह 2021-22 सत्र में आईएसएल का खिताब जीतने वाली इस टीम का हिस्सा थे। उन्होंने इस करार पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''ईस्ट बंगाल जैसे बड़े क्लब के लिए खेलना किसी भी युवा भारतीय खिलाड़ी के लिए एक सपना है। कोलकाता भारतीय फुटबॉल का मक्का है और मैं ईस्ट बंगाल के प्रशंसकों से अद्भुत समर्थन का अनुभव करने के लिए इंतजार कर रहा हूं।

भारत के सुमित को टेनिस में ओलिंपिक कोटा मिला

नई दिल्ली, 22 जून। सुमित नागल ने पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इसकी पुष्टि उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर की। नागल के अलावा रोहन बोपन्ना भी डबल्स के

लिए ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं। वह अपने पसंद के पार्टनर एन श्रीराम बालाजी के साथ पेरिस में खेलते नजर आएंगे। टेनिस के लिए पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफिकेशन विंडो सोमवार को समाप्त हो गई। जिसके बाद नागल और बोपन्ना ने कोटा हासिल कर लिया। नागल दो बार ओलिंपिक में टेनिस सिंगल्स में कोटा हासिल करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले लिएंडर पेस ही ओलिंपिक में टेनिस सिंगल्स में कोटा हासिल करने वाले भारतीय खिलाड़ी रहे हैं। पेस 1996 में ओलिंपिक गेम्स में सिंगल्स में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। नागल ने पेरिस ओलिंपिक के लिए कोटा से पहले 2020 टोक्यो ओलिंपिक में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

असफलताओं से उबरने के लिए मैं दृढ़ संकल्पित हूं : मीराबाई चानू

मीराबाई चानू की नजर पेरिस ओलंपिक पर

पटियाला, 22 जून। चोट से उबरने के बाद प्रसिद्ध भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू पेरिस ओलंपिक में विजयी वापसी के लिए कमर कस रही हैं। एशियाई खेलों में असफलता के बाद विश्व कप में अपनी हालिया वापसी पर बातचीत करते हुये मीराबाई ने कहा एशियाई खेलों में चोट लगने के बाद, विश्व कप मेरी पहली प्रतियोगिता थी। मैं निश्चित रूप से एक और चोट लगने को लेकर आशंकित थी।

उन्होंने यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई मीडिया) से कहा, मैं पेरिस के लिए अपनी संभावनाओं को खतरे में नहीं डालना चाहती थी। चोटों से निपटना और तनाव मुक्त मानसिकता बनाए रखना मेरे लिए महत्वपूर्ण है। पेरिस की राह चुनौतियों से रहित नहीं रही, क्योंकि मीराबाई ने अपने खेल में सावधानीपूर्वक प्रशिक्षण और चोट की रोकथाम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया, ''भारोत्तोलन व्यापक प्रशिक्षण की मांग करता है। प्रत्येक मांसपेशी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और भारी वजन उठाने के लिए ताकत बनाए रखना महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में निरंतरता महत्वपूर्ण है। एक भी दिन छोड़ने से मेरी प्रगति में काफी कमी आती है।

उन्होने कहा कि असफलताओं से उबरने का उनका दृढ़ संकल्प स्पष्ट था। उन्होंने अफसोस जताते हुये कहा हांगझाउ एशियाई खेल में करीब होने के बावजूद, एक असामयिक चोट ने मेरी प्रगति रोक दी। हालांकि, असफलताएं भारत के लिए और मजबूत होकर वापसी करने के मेरे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देती हैं। मीराबाई पेरिस का इंतजार कर रही हैं, जहां उनका लक्ष्य टोक्यो में रजत पदक जीतने के बाद अपनी क्षमता में इजाफा करना है। उन्होंने कहा, मैं सभी भारतीयों के समर्थन और प्रार्थनाओं पर भरोसा करती हूं। आखिरकार, पेरिस में सफलता भाग्य से निर्धारित होगी। दूसरा ओलंपिक पदक हासिल करना मेरे और मेरे परिवार के लिए एक सपना पूरा होगा, लेकिन मैं खेल की अनिश्चितताओं को समझती हूं।

भारतीय महिला टीम की निगाहें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्लीन स्वीप करने पर

बेंगलुरु, 22 जून। पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वाड्र्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने पहले दो मैच में 117 और 136 रन बनाए और इस तरह से लगातार दो वनडे मैच में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी। भारतीय उप कप्तान अपने इस रिकार्ड को और बेहतर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पिछले मैच में 88 गेंद पर 103 रन बनाकरफॉर्म में वापसी की लेकिन सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा रन बनाने के लिए जूझ रही हैं जो भारतीय टीम प्रबंधन के लिए भी चिंता का विषय होगा।

भारतीय महिला कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने विश्व कप में लगाई स्वर्ण पदकों की हैट्रिक

अंताल्या, 22 जून। भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कम्पाउंड महिला टीम ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां तीसरे चरण में एस्टोनिया पर जीत से विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी। शीर्ष वरीयता प्राप्त इस तिकड़ी ने यहां एकतरफा फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मीरी मैरिटा पास और मैरिस टेट्समैन को 232-229 से हराया। भारत की महिला कम्पाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और और मई में येचियोन में क्रमशः विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे। इस तरह टीम इस सत्र में अपराजेय रही है। भारतीय पुरुष कम्पाउंड तीरंदाज प्रियांश भी दिन में कांस्य पदक का मुकाबला खेलेंगे। रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा भी दो पदकों की दौड़ में हैं क्योंकि दोनों व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

रोमांचक मुकाबले में आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को सात रन से हराया

ग्रॉस आइलेट, 22 जून। क्विंटन डिकॉक (65) और डेविड मिलर (43) रनों की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ ग्रुप दो के मुकाबले के आखिरी ओवर में इंग्लैंड को सात रन से हरा दिया है। 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में 15 के स्कोर पर अपना पहला विकट फिल सॉल्ट (11) के रूप में गवां दिया। उसके बाद 11वें ओवर में 61 स्कोर पहुंचने तक इंग्लैंड के तीन और बल्लेबा आउट हो गये। कप्तान जॉस बटलर (17), जॉनी बेयरस्टो (16) मोईन अली (9) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे सकंट के समय हैरी ब्रूक और लियम लिविंगस्टन ने इंग्लैड की पारी को संभाला। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई। 18वें ओवर में कगिसो रबाडा ने लियम लिविंगस्टन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। लिविंगस्टन ने 17 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 33 रनों की पारी खेली। हैरी ब्रूक ने 37 गेंदों में सात चौकों की मदद से (51) रन बनाये। उन्हें एनरिच नॉर्टे ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। यह मैच का टर्निंग प्वांइट साबित हुआ। इसके साथ ही इंग्लैंड के मैच जीतने की संभावनाएं धूमिल हो गई। सैम करन 10 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड 20 ओवर में छह विकेट पर 156 रन ही बना सका और सात रन से मुकाबला हार गया।

महज औपचारिकता का मुकाबला नहीं, हम इससे सीखने की कोशिश करेंगे : दीप्ति

बेंगलुरु, 22 जून। भारतीय महिला टीम की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शनिवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय मुकाबले को भारत महज औपचारिकता का मैच नहीं मानेगा बल्कि टीम पिछले मैचों की बढ़त को मजबूत करना चाहेगी। बता दें कि, भारत ने पहले दो मैच 143 और चार रन से जीतकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली है। दीप्ति ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हां, हमने श्रृंखला जीत ली है लेकिन हम इस मैच को सिर्फ औपचारिकता के रूप में नहीं देखेंगे। हमें जो भी मौके मिलेंगे हम उनसे सीखने की कोशिश करेंगे क्योंकि हम इस सप्ताह के अंत में (चेन्नई में) एकमात्र टेस्ट खेलने जा रहे हैं।''

इस ऑफ स्पिनर ने पहले मैच में अपने ऑलराउंड कौशल का प्रदर्शन किया था करते

हुए महत्वपूर्ण 37 रन बनाए थे जिससे टीम पांच विकेट पर 99 रन की मुश्किल स्थिति से उबरने में सफल रही। उन्होंने इसके बाद मैच में दो विकेट भी चटकाए। दीप्ति ने कहा, ''मुझे दबाव की स्थिति का सामना करना पसंद है। मेरी सोच बहुत स्पष्ट है। मैं हमेशा टीम को जीत दिलाना चाहती हूं या टीम को जीत की स्थिति में पहुंचाना चाहती हूं, फिर चाहे वह मेरी बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी। दोनों मैचों में भारत के शीर्ष क्रम ने धीमी शुरुआत की जिसके बाद बीच के ओवरों और अंतिम ओवरों में टीम ने तेजी से रन जुटाए। दीप्ति ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों ने श्रृंखला में अच्छा अनुकूलन कौशल दिखाया। उन्होंने कहा, ''सलामी बल्लेबाज परिस्थितियों के अनुसार खेलीं। शुरुआती ओवरों में गेंद थोड़ी घूम रही थी और उन्होंने इसे ध्यान में रखकर खेला। उन्होंने अच्छी तरह से अनुकूलन किया।''

दीप्ति ने कहा, ''10 से 12 ओवर के बाद हमने कुछ अच्छी साझेदारियां बनाईं। उन्होंने रन बनाने के हर अवसर का फायदा उठाया और यह हमारे लिए सकारात्मक है - जिस तरह से हमने बाद में इसका फायदा उठाया।'' दीप्ति ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी अपने क्षेत्ररक्षण को सुधारने पर काम कर रहे हैं।

नीदरलैंड और फ्रांस ने गोलरहित ड्रॉ पर बांटे अंक

लीपज़िग, 22 जून। यूरो 2024 के ग्रुप डी के एक करीबी मुकाबले में नीदरलैंड और फ्रांस ने शनिवार को यहां गोल रहित ड्रॉ खेला और अंक बांट लिये। ग्रुप डी में दोनों टीमें अब चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं और शीर्ष पर बने रहने की यह जंग ग्रुप के अंतिम मैच तक जारी रहेगी। दोनों टीमों ने मैच के दौरान लचीली और रक्षात्मक शैली अपनायी। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डिज्क ने प्रभावित किया और फ्रांस के शक्तिशाली आक्रमण को बेअसर कर दिया। मगर गोलकीपर माइक मेगनन ने शानदार बचाव किया। बाद में फ्रांस ने पलटवार किया हालांकि एंटोनी ग्रीज़मैन ने एक सुनहरा मौका गंवा दिया और मार्कस थुरम भी गोल करने में असफल रहे, जिससे पहला हाफ गोल रहित हो गया।

गिलक्रिस्ट के स्तर तक पहुंचने के लिए लम्बा रास्ता तय करना होगा पंत को : इयान स्मिथ

ग्रॉस आइलेट, 22 जून। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है। स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं। टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा,''ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है। वह बेहद कुशल खिलाड़ी है। वह आक्रामक है, वह खतरनाक खिलाड़ी है।'' गिलक्रिस्ट की तरह पंत ने भी दिखा दिया है कि वह प्रत्येक प्रारूप में किसी भी क्रम में बल्लेबाजी

कर सकते हैं। टी20 विश्व कप में उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा जा रहा है और उन्होंने अभी तक इस फैसले को सही साबित किया है। स्मिथ ने कहा,''वह किसी भी खिलाड़ी का अच्छी तरह से साथ निभा सकते हैं फिर चाहे वह विराट कोहली हो या रोहित शर्मा। इसलिए उन्हें तीसरे नंबर पर उतारने का फैसला सही है क्योंकि मेरा मानना है कि सीमित ओवरों की क्रिकेट में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को अधिक गेंदों का सामना करने का मौका मिलना चाहिए। यही वजह है जिससे कि वह विशेष बन जाता है।'' उन्होंने कहा,''वह पहली गेंद को ही हिट कर सकता है और उसे सीमा रेखा के पास पहुंचा सकता है। उसके पास रन बनाने के अन्य विकल्प भी हैं। उसने केएल राहुल जैसे अच्छे खिलाड़ी की जगह ली है। केएल राहुल विश्व स्तरीय क्रिकेटर है और उसकी जगह लेना काफी मायने रखता है।'' इस 26 वर्षीय क्रिकेटर की गिलक्रिस्ट से तुलना करने के लिए हालांकि अभी इंतजार करना होगा। स्मिथ ने कहा,'' गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उसे अभी काफी रास्ता तय करना होगा। दोनों एक तरह के ही क्रिकेटर हैं जो टेस्ट क्रिकेट में निचले क्रम और सीमित ओवरों की क्रिकेट में ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसलिए उसमें और गिलक्रिस्ट में समानता है। अगर वह आगे कुछ वर्षों तक इसी तरह से खेलता रहा तब लोग कहेंगे कि गिलक्रिस्ट और पंत एक दूसरे के काफी करीब हैं।